# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

# Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in email: helputuums@uktech.ac.in


## प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग वर्ष 2024–25 की सूचना

वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के कैम्पस संस्थानों एवं समस्त स्वायत्तशासी/निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी जी0बी0पी0यू0ए0टी0 पन्तनगर में शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों **B.TECH, BHMCT, BALLB, BBALLB, BCA, LLB, M.TECH, MBA, MCA, MHM, LLM, PG DIPLOMA IN CYBER SECURITY** के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| Counselling Phase | Period of Counselling Fee Deposition, Online registration | Period of Choice Filling | Seat Allotment Date | Period of Select option (Freeze/Float /Withdraw) | Date of Reporting in Allotted institutions by the candidate's |
|---|---|---|---|---|---|
| FIRST | 12-06-24 TO 14-06-24 | 12-06-24 TO 15-06-24 | 20-06-24 | 20-06-24 TO 21-06-24 | 21-06-24 TO 25-06-24 |
| SECOND | 26-06-24 TO 27-06-24 | 26-06-24 TO 28-06-24 | 03-07-24 | 03-07-24 TO 04-07-24 | 04-07-24 TO 08-07-24 |
| THIRD | 09-07-24 TO 10-07-24 | 09-07-24 TO 11-07-24 | 16-07-24 | 16-07-24 TO 17-07-24 | 17-07-24 TO 21-07-24 |

## प्रवेश (काउंसिलिंग) हेतु दिशा–निर्देश :–

**प्रथम वर्ष (B.TECH.) में प्रवेश हेतुः–**

(i) सर्वप्रथम JEE-Main रैंकधारी को वरीयता दी जायेगी।

(ii) उच्च माध्यमिक परीक्षा (12वीं) में सम्बन्धित उच्च माध्यमिक परिषद् द्वारा निर्गत सम्पूर्ण विषयों का प्रतिशत अंक।

(iii) जन्मतिथि (12वीं में समान प्राप्तांक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।)

**प्रथम वर्ष BHMCT/ BALLB/ BBALLB/ BCA में प्रवेश हेतुः–**

(i) उच्च माध्यमिक परीक्षा (12वी) में सम्बन्धित उच्च माध्यमिक परिषद् द्वारा निर्गत सम्पूर्ण विषयों का प्रतिशत अंक।

(ii) जन्मतिथि (12वीं में समान प्राप्तांक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।)

**प्रथम वर्ष M.TECH./ MCA/ MBA/ MHM/ LLB/LLM/PG DIPLOMA IN CYBER SECURITY में प्रवेश हेतु**

(i) यदि स्नातक परीक्षा (एआईसीटीई मानको अनुसार) उत्तीर्ण है, स्नातक के प्रतिशत अंक। अथवा

(ii) यदि स्नातक परीक्षा (पंचवर्षीय प्रणाली–BALLB/BBALLB) के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है, ऐसे छात्रों का प्रथम वर्ष में प्राप्तांकों का 25 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष के प्राप्तांकों का 25 प्रतिशत, तृतीय वर्ष के प्राप्तांकों का 25 प्रतिशत एवं चतुर्थ वर्ष के प्राप्तांकों के 25 प्रतिशत योग प्रतिशत अंक। अथवा

(iii) यदि स्नातक परीक्षा (चतुर्वर्षीय प्रणाली) के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है, ऐसे छात्रों का प्रथम वर्ष में प्राप्तांकों का 25 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष के प्राप्तांकों का 25 प्रतिशत, तृतीय वर्ष के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत के योग प्रतिशत अंक। अथवा

(iv) यदि स्नातक परीक्षा (चतुर्वर्षीय प्रणाली) (लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेशित बी0टेक0 (एआईसीटीई मानकों अनुसार) के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है, ऐसे छात्रों का द्वितीय वर्ष में प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत, तृतीय वर्ष के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत के योग प्रतिशत अंक। अथवा

(v) यदि स्नातक परीक्षा (त्रिवर्षीय प्रणाली) में अंतिम वर्ष में अध्ययन्नरत है, ऐसे छात्रों का प्रथम वर्ष में प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत के योग का प्रतिशत अंक।

(vi) जन्मतिथि (स्नातक परीक्षा में समान प्राप्तांक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।)

(vii) ऐसे अभ्यर्थी जो अर्ह परीक्षा के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं एवं जिनका प्रवेश के समय परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ हो, को प्रवेश के समय संस्थान में इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि ''**अभ्यर्थी डिग्री**

उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2024 अथवा नियामक संस्थानों द्वारा प्रवेश हेतु जारी अंतिम तिथिसे पूर्व संस्था में जमा करेगा अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाय जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी''।

***नोट– एम0टेक पाठ्यक्रमों में क्रमशः GATE के सफल अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।***

➢ उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) तथा अर्हता (**Eligibility**) निम्नवत हैः–

| SN | COURSE | DURATION | QUALIFYING EXAM / ELIGIBILITY |
|---|---|---|---|
| 1 | B.TECH. - FIRST YEAR | 4 Years | Passed 10+2 examination with Physics/ Mathematics/Chemistry/ Computer Science/ Electronics/ Information/Technology/ Biology/ Informatics Practices/Biotechnology/ Technical Vocational subject/ Agriculture/ Engineering Graphics/ Business Studies/Entrepreneurship as per AICTE process Handbook 2024-25 table 8.4 Agriculture stream (for Agriculture Engineering)<br>Obtained at least 45% marks (40% marks in case of Candidates belonging to reserved category) in the above subjects taken together.<br>Biotechnology**- 1.Physics 2. Chemistry 3. One from Bio/Biotechnology/Maths<br>Agriculture Engg**:- 1.Physics 2. Chemistry 3. One from Bio/Biotechnology /Maths/Agriculture/Agriculture Stream<br>Civil Engg -1. Physics 2. Chemistry 3. Maths<br>CSE - 1. Physics 2. Maths 3. Any One from #<br>CHEM ENGG- 1. Physics 2. Chemistry 3. Maths<br>EE - . Physics 2. Maths 3. Any One from #<br>Electronics Engineering- 1. Physics 2. Maths 3. Any One from #<br>Electronics & Communication Engg- 1. Physics 2. Maths 3. Any One from #<br>ME- 1. Physics 2. Chemistry 3. Maths<br>** First one or two Semesters may be so designed that students with Biology /Biotechnology background have adequate courses on Maths and Vice Versa and then the class is at level studying field for the rest of the semesters.<br># Physics/ Mathematics / Chemistry/ Computer Science /Electronics /IT / Biology/ Informatics Practices/ Biotechnology/ Technical Vocational subject/ Agriculture/ Engineering Graphics/ Business Studies/Entrepreneurship<br>* For further clarification applicant may refer AICTE process Handbook 2024-25 page no. 123 on AICTE portal. |
| 2 | BHMCT- FIRST YEAR | 4 Years | Passed 10+2 examination Obtained at least 45% marks (40% in case of candidates belonging to reserved category) in the qualifying Examination. |
| 3 | BALLB-FIRST YEAR | 5 Years | 10+2 or an equivalent examination with 45% marks or its equivalent grade and 42% for OBC & 40% for SC/ST Category |
| 4 | BBALLB-FIRST YEAR | 5 Years | 10+2 or an equivalent examination with 45% marks or its equivalent grade and 42% for OBC & 40% for SC/ST Category |
| 5 | BCA-FIRST YEAR | 3 Years | Passed 10+2 examination with a minimum of 45% marks (40% for reserved category) and Mathematics is a compulsory subject in Intermediate |
| 6 | LLB-FIRST YEAR | 3 Years | Graduation in the 10+2+3 pattern from a recognized university with 45% marks or its equivalent grade and 42% for OBC & 40% for SC/ST Category |
| 7 | M.TECH.-FIRST YEAR | 2 Years | Passed Bachelor's Degree or equivalent in the relevant field. Obtained at least 50% marks (45% marks in case of candidates belonging to reserved category) in the qualifying examination. |
| 8 | MBA-FIRST YEAR | 2 Years | Passed Bachelor Degree of minimum 3 years duration.<br>Obtained at least 50% marks (45% marks in case of candidates belonging to reserved category) in the qualifying examination. |
| 9 | MCA-FIRST YEAR | 2 Years | Passed B.C.A/ B.Sc. (Computer Science)/ B.Sc. (IT) / B.E. (CSE)/ B.Tech.(CSE) / B.E. (IT) / B.Tech. (IT) or equivalent Degree. OR<br>Passed any graduation degree (e.g.: B.E. / B.Tech. / B.Sc / B.Com. / B.A./ B. Voc./ etc.,) preferably with Mathematics at 10+2 level or at Graduation level Obtained at least 50% marks (45% marks in case of candidates belonging to reserved category) in the qualifying examination. (for students having no Mathematics background compulsory bridge course will be framed by the respective University/ Institution and additional bridge courses related to computer subjects as per the norms of the concerned University). |
| 10 | MHM-FIRST YEAR | 2 Years | Passed Bachelor Degree in Hotel Management and Catering Technology/ Hotel Management of minimum 4 years duration or equivalent Degree. Obtained at least 50% marks (45% marks in case of candidates belonging to reserved category) in the qualifying examination. |
| 11 | LLM-FIRST YEAR | 2 Year | An LL.B Degree (or B.A.LL.B / B.B.A.LL.B / B.COM-LLB, B.TECH-LL.B or any other integrated law graduate degree) or an equivalent examination with a minimum of Fifty percent (50%) of marks or its equivalent grade and 45% in case of candidates belonging to reserved category |
| 12 | PG DIPLOMA IN CYBER SECURITY | 1 Year | Passed Bachelor Degree of minimum 3 years duration.<br>Obtained at least 50% marks (45% marks in case of candidates belonging to reserved category) in the qualifying examination. |

- आनलाईन काउंसिलिंग में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थी को काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee-Non Refundable) ₹ 2000/– प्रवेश काउंसिलिंग पंजीकरण के साथ बेवपोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा।
- काउंसिलिंग शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा संस्था/ब्रॉच के विकल्प भरने होंगे। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण में विकल्प भरे जायेंगे उन्हें पुनः द्वितीय अथवा तृतीय चरण की काउंसिलिंग में विकल्प भरने की आवश्यकता नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी को अधिकाधिक विकल्प भरने की सलाह दी जाती है।
- प्रथम काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी को उनके विकल्प के आधार पर कोई सीट आवंटित होती है तो उसके पास निम्नानुसार 3 विकल्प होंगे–

  1. Freeze  2. Float  3. Withdraw

**1-** **<u>Freeze</u>-** अभ्यर्थी द्वारा **Freeze** विकल्प चुनने पर अभ्यर्थी को ₹ 10000/– ऑनलाईन प्रवेश हेतु निर्दिष्ट वेबपोर्टल पर जमा कराने होंगे एवं निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अवशेष शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। साथ ही वह अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया से भी बाहर हो जायेगा। फिर भी यदि पोर्टल पर **<u>Freeze</u>** ऑप्शन चुनने के पश्चात अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में निर्धारित अवधि में प्रवेश के लिये उपस्थित नहीं होता है उस स्थिति में वह प्रवेशित नहीं माना जायेगा एवं आगामी राउंड की काउंसिलिंग में पुनः काउंसिलिंग शुल्क (Non Refundable) रू0 2000/– जमा कर काउंसिलिंग में सम्मिलित हो सकता है।

**2-** **<u>Float</u>-** अभ्यर्थी द्वारा **Float** विकल्प चुनने पर भी अभ्यर्थी को ₹ 10000/– ऑनलाईन जमा कराने होंगे एवं बेहतर (भरे हुए विकल्पों में से आवंटित विकल्पों से ऊपर के विकल्प की सीट) सीट आवंटन के लिये द्वितीय काउंसिलिंग के सीट आवंटन की प्रतीक्षा करनी होगी। यदि अभ्यर्थी को द्वितीय काउंसिलिंग में बेहतर सीट आवंटित नहीं होती है तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को पुनः पुरानी सीट ही आवंटित रहेगी तथा उसे बेहतर सीट के लिए तृतीय काउंसिलिंग के सीट आवंटन की प्रतीक्षा करनी होगी। यदि अभ्यर्थी को तृतीय काउंसिलिंग में बेहतर सीट आवंटित नहीं होती है तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को पुनः पुरानी सीट ही आवंटित रहेगी एवं अभ्यर्थी को उसी सीट पर निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अवशेष शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी को द्वितीय अथवा तृतीय काउंसिलिंग में बेहतर सीट आवंटित होगी तो उसके पास सीट **Freeze** करने का विकल्प उपरोक्तानुसार होगा। सीट **Freeze** करने पर अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अवशेष शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। साथ ही वह अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया से भी बाहर हो जायेगा।

**नोट :–अभ्यर्थियों को निदेर्शित किया जाता है कि ऑनलाईन जमा की जाने वाली धनराशि ₹ 10000/–(दस हजार) को अपने स्वयं के बैक खाते अथवा अपने माता–पिता के बैंक खाते से ही जमा करें। अपरिहार्य स्थिति में धनराशि का रिफंड उसी बैक खाते में वापस किया जायेगा।**

**3-** **<u>Withdraw</u>-** अभ्यर्थी द्वारा **Withdraw** विकल्प चुनने पर वह अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया से भी बाहर हो जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी द्वारा अगली काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने के लिये पुनः नये अभ्यर्थी के रूप में पंजीकरण कर काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee-Non Refundable) ₹ 2000/– ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा एवं तद्समय उपलब्ध विकल्पों में से विकल्प भरने होंगे।

- प्रथम अथवा द्वितीय काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी को उनके विकल्प के आधार पर कोई सीट आवंटित नहीं होती है तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को आगामी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु कोई शुल्क नहीं देना होगा एवं अभ्यर्थी पुनः विकल्प भर सकता है।
- आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in पर उपलब्ध रहेगी। अतः अभ्यर्थी काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व समस्त प्रक्रिया का अध्ययन कर लें।
- आनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in में Login-ID/Password बनाकर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण करेंगे।
- अभ्यर्थी वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं पासवर्ड बनाते समय अपना सम्पूर्ण विवरण ध्यान पूर्वक चेक कर एवं आवश्यक संशोधन रजिस्ट्रेशन के समय ही कर लें। रजिस्ट्रेशन में अभ्यर्थी जो सूचना भरेगा, अभ्यर्थी के

पास प्रवेश के समय सम्बन्धित प्रमाण पत्र होने अनिवार्य होंगे अन्यथा उसका आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।

- संस्थान, ब्रॉच आवंटन की जानकारी के लिए अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के दौरान वेबसाईट पर अपना Allotment Letter प्रिंट कर सकता है।
- अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में निर्धारित अंतिम तिथि तक समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों सहित समस्त प्रमाण पत्रों की एक सत्यापित छायाप्रति, 2 फोटो के साथ उपस्थित होंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु आवंटित संस्थान द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन भी किया जायेगा।
- अभ्यर्थी को राज्य कोटे की आरक्षित सीटों में प्रवेश के लिये स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश के लिये न्यूनतम अर्हता उत्तराखण्ड से उत्तीर्ण होने की दशा में अभ्यर्थी राज्य कोटे की सामान्य श्रेणी की सीट के लिये ही पात्र होंगे। महिला अभ्यर्थियों को भी महिला सीट में प्रवेश के लिये स्थाई निवास की अनिवार्यता होगी।
- Armed Force (AF) की सीट Ex Service Man के आश्रितों के लिये है। इसके लिये प्रमाण पत्र सैनिक पुर्नवास कल्याण बोर्ड द्वारा जारी मान्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा आरक्षण से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्र उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश के समय उपरोक्तानुसार आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं तो अभ्यर्थी का आवंटन स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा और अगले चरण की काउंसिलिंग में उक्त सीट को रिक्ति के रूप में प्रदर्शित कर दिया जायेगा।
- प्रवेश में इच्छुक अभ्यर्थी आनलाईन काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गॉवं में कहीं से भी काउंसिलिंग में सम्मिलित हो सकते है।
- छात्र आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समय–समय पर जारी आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए निरन्तर वेबसाईट http://uktech.ac.in पर सम्पर्क करते रहें।
- काउंसिलिंग से एवं प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए निम्नवत् हैल्पलाइन नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैंः–

| | |
|---|---|
| Regarding Website/Technical Error | 7518980077, 9151988051, 7897999210, 9045133390 |
| Regarding Qualification/ Eligibility & Counselling Process | 9045633821, 9012777050, 8218570363, 7579099688 |
| Regarding Financial/Fee Error | 7897999211, 9410100122 |

- काउंसिलिंग/प्रवेश तिथियों में प्रातः 10 बजे से 5 तक सम्पर्क कर सकते हैं अथवा काउंसिलिंग सम्बन्धी ईमेल **helputuums@uktech.ac.in** पर किसी भी समय सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश हेतु इच्छुक संस्थान/ब्रॉच के विकल्प (Choices) भर सकते है एवं भरे गये विकल्पो का प्रिंट आउट प्राप्त कर लें। विकल्प भरते समय अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लेवे ंकि विकल्पो का चयन करते समय किसी के दबाव में विकल्पों को न भरें, विकल्पों के विषय में समस्त जानकारी प्राप्त होने पर ही विकल्प भरें। साथ ही Login-ID/Password को किसी के साथ साझा (Share) न करें। यदि आपके द्वारा Login-ID/Password को किसी के साथ साझा करने पर अभ्यर्थी के विकल्पों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
- जिन अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पूर्व में Provisional Registration किया गया है उन्हें पुनः Registration की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
- रविवार एवं अवकाश के दिवसों में भी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान रहेगी।

विज्ञापन सं0 849/UTU/Counseling–2024/काउं0सू0–02/2024–25 दिनांक 10–06–2024

**कुल सचिव**